**छत्तीसगढ़ शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**

**कमांकः** 183 / स.सा.प्र.वि / 2020 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 12 / 04 / 2020

**प्रति,**

1. **समस्त विभागीय सचिव,**
2. **समस्त विभागाध्यक्ष**

**विषयः–** **नोवेल कोरोना वायरस से संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु लागू लॉकडाउन अवधि में विभागीय सचिवों एवं विभागाध्यक्षों के द्वारा निवास से शासकीय कार्य संपादन के संबंध में।**

**संदर्भः–** शासन का आदेश कमांक 127 / स.सा.प्र.वि / 2020, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 21 / 03 / 2020

––00––

राज्य शासन द्वारा संदर्भित आदेश के माध्यम से तथा उसके उपरान्त भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति के दृष्टिगत शासकीय कार्य के संपादन के विषय में समय–समय पर निर्देश दिये गये हैं। दिनांक 13 अप्रैल 2020 से समस्त विभागीय सचिव एवं विभागाध्यक्ष निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें:–

1/ समस्त विभागीय सचिव एवं विभागाध्यक्ष अपने निवास पर शासकीय कार्य हेतु आवश्यक व्यवस्था सहित कार्य संपादन करें।

2/ विभाग एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारीगण को न्युनतम प्रशासकीय आवश्यकता अनुरूप निवास में समायोजित किया जाए।

3/ निवास पर शासकीय कार्य हेतु मंत्रालय/विभागाध्यक्ष कार्यालय से प्राप्त सभी नस्तीयों/डाक की ट्रैकिंग व सुरक्षित संधारित करने की व्यवस्था की जाये।

4/ समस्त विभागीय सचिव एवं विभागाध्यक्ष निवास से सदैव मोबाईल/टेलीफोन एवं अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से संपर्क में बने रहें। अपने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ ऑनलाईन विडियों कांफ्रेंस हेतु उपलब्ध एप/ऑनलाईन माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है। इस हेतु सीईओ, चिप्स से आवश्कय तकनीकी सलाह एवं सहयोग लिया जाये।

5/ निवास में विभागीय कार्य पद्यति एवं प्रकिया पूर्व से प्रभावी मंत्रालय नियमावली एवं संबंधित कार्यालय मैन्युअल व शासकीय दिशा–निर्देशों अनुरूप होगी।

6/ कार्य संपादन के दौरान निवास में कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जाये।

Scanned with CamScanner

7/ इस हेतु आवश्यक तैयारी तत्काल करें तथा 13 अप्रैल से आगामी आदेश तक निर्देशों के अनुरूप प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

(डॉ. कमलप्रीत सिंह)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

क्रमांकः 184 /स.सा.प्र.वि/2020 नवा रायपुर,अटल नगर, दिनांक 12/04/2020

प्रतिलिपिः–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर,
2. अपर मुख्य सचिव, मान. मुख्यमंत्री जी, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर,
3. प्रमुख सचिव, विधान सभा सचिवालय, जीरो पाईंट रायपुर,
4. विशेष सहायक/निज सहायक, समस्त मान. मंत्रीगण, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर,
5. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर,
6. रजिस्ट्रार जनरल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर,
7. पुलिस महानिदेशक, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़,
8. सचिव, स्वास्थ्य विभाग
9. सचिव, राज्य योजना आयोग/राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग/राज्य मानव अधिकार आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग/राज्य सूचना आयोग/ राज्य महिला आयोग/राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग/राज्य अनुसूचित जाति आयोग/राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग/राज्य अल्पसंख्यक आयोग/राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग/ राज्य युवा आयोग/राज्य विद्युत नियामक आयोग/सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग/सचिव, छत्तीसगढ़ लोक आयोग,
10. समस्त संभागायुक्त/पुलिस महानिरीक्षक
11. समस्त कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक
12. सीईओ, चिप्स को आवश्यक तकनीकी सहयोग हेतु।
13. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

Scanned with CamScanner